मूल्यांकन हो जाने के बाद, राज्य सरकार के विद्यमान नियमों के अधीन, राहत का भुगतान किया जाएगा ।

Abolishing Capital Punishment

L158. DR.NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to abolish capital punishment in the country;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI RAJESH PILOT) :
(a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) There is no proposal to abolish capital punishment in view of its deterrent effect.

भारतीय नागरिकता ग्रहण करने वाले व्यक्ति

1159. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने व्यक्तियों ने भारतीय नागरिकता ग्रहण की है;

(ख) क्या यह सच है कि नागरिकता प्रदान करने से पूर्व कई बातों की जांच की जाती है और यदि हां, तो इन जांचों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या जांच करने की प्रक्रिया में लापरवाही और कदाचार के मामलों की सूचना मिली है; और

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : पिछले तीन वर्षों के दौरान, "नागरिकता अधिनियम, 1955" के विभिन्न प्रावधानों के अधीन 2350 व्यक्तियों को, सरकारी एजेंसियों के माध्यम से जांच-पड़ताल करवाने के बाद भारतीय नागरिकता प्रदान की गई है । जांच-पड़ताल की प्रक्रिया के दौरान किसी लापरवाही अथवा अनाचार की बात ध्यान में नहीं आई है ।

1160. *[Transferredto 11th May, 1993]*

अंध महाविद्यालय, नई दिल्ली के लिए भूमि

1161. **श्री सोम पाल :**
श्री शंकर दयाल सिंह :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अंध महाविद्यालय पंचकुइयां रोड, नई दिल्ली, को स्कूल भवन और होस्टल निर्माण के लिए हरि नगर, घंटा घर नई दिल्ली, में भूमि आबंटित की गई थी;

(ख) यदि हां, तो इसका आबंटन कब दिया गया था और कितनी भूमि आबंटित की गई थी;

(ग) उक्त भूमि किस विभाग के अधीन है और उक्त भवन पूरा तैयार न हो पाने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या यह भी सच है कि उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसे हटाने और दोषी व्यक्तियों को दंडित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) और (ख) दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि अन्ध महाविद्यालय सोसाइटी, पंचकुईयां रोड, को एक स्कूल और एक छात्रावास का निर्माण करने के लिए हरी नगर घंटा घर, नई दिल्ली में वर्ष 1980 से पहले दो एकड़ भूमि का आबंटन किया गया था ।